पाठ 17

# चित्रकोट जलप्रपात

39FJDE

| | | |
|---|---|---|
| **मनोरम** | **जलप्रपात** | **संगीत** |
| **अस्त होना** | **बैठक कक्ष** | **आनंद** |

ऋचा और रजनीश छुट्टियों में बस्तर घूमने आए हैं। इनके मामा जगदलपुर में रहते हैं। मामा की बैठक कक्ष में चित्रकोट जलप्रपात का एक बहुत बड़ा चित्र टँगा था। रजनीश ने मामा से पूछा, ''मामा जी! प्रपात का यह चित्र कहाँ का है?''

मामा ने कहा – ''अरे! यह चित्र तो बस्तर के ही जलप्रपात का है। हम तुम्हें कल यह प्रपात दिखाने ले चलेंगे।''

दूसरे दिन मामा किराए की जीप लेकर आ गए। सभी लोग तैयार होकर बैठे थे। जल्दी ही सब जीप में सवार हो गए। चित्रकोट जगदलपुर से लगभग 40 किलोमीटर दूर है। जीप 1 घंटे में चित्रकोट पहुँच गई। जलप्रपात अब उनके सामने था।

लगभग 30 मीटर (100 फीट) की ऊँचाई से इन्द्रावती नदी यहाँ गिरती है। जलधारा यहाँ दूध की तरह दिखाई दे रही थी। नीचे जहाँ धारा गिर रही थी, वहाँ से धुआँ–सा उठता दिखाई दे रहा था। पानी के गिरने से जो शोर हो रहा था, वह संगीत का आनंद दे रहा था। हवा के कारण जल की नन्ही–नन्ही बूँदें बड़ा आनंद दे रहीं थीं।

अब मामा के साथ सब लोग नीचे की तरफ आ गए। यहाँ से जलप्रपात और भी मनोरम लग रहा था। सभी लोग जाकर एक चट्टान पर बैठ गए। सबने वहीं बैठकर खाना खाया। वे सब वहीं बैठे–बैठे प्रपात का आनंद लेते रहे।

सूर्य अब अस्त होने ही वाला था। मामा ने कहा, ''यहाँ से हटने का जी तो किसी का नहीं है, पर अब हमें चलना चाहिए। मामा की आज्ञा थी।



चित्रकोट जलप्रपात

सबने चलते–चलते प्रपात को फिर देखा। अब वे सब जीप की ओर बढ़ रहे थे। चित्रकोट का दृश्य वे सब कभी न भूल पाए।

**शिक्षण संकेत :–** चित्रकोट के जलप्रपात का चित्र प्रदर्शित करें। बच्चों से चित्र के संबंध में प्रश्न पूछें। पानी की बूँदें कैसी दिखाई दे रही थीं। पानी की धारा कैसी ध्वनि कर रही थी ? चर्चा करें। पाठ पढ़ने के लिए हर विद्यार्थी को अवसर दिया जाए। पाठ में आए कठिन शब्दों को उनकी भाषा में बताएँ।

## शब्दार्थ

जलप्रपात = चट्टानों को ऊपर से नीचे काटते हुए गिरता हुआ पानी

मनोरम = मन को अच्छा लगने वाला

संगीत = गाना

अस्त होना = छिप जाना

आनंद = खुशी

चट्टान = बड़े–बड़े पत्थर

दृश्य = जो दिखाई पड़ता है।

आज्ञा = आदेश

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ अपनी भाषा में बताओ –**

मनोरम, जलप्रपात, अस्त होना, आनंद, संगीत

**2. इन प्रश्नों के उत्तर दो –**

क. चित्रकोट जलप्रपात जगदलपुर से कितनी दूर है ?

ख. चित्रकोट किस नदी का जलप्रपात है ?

ग. तुम्हारे मामा कहाँ रहते हैं ?

**3. पढ़ना, लिखना, शीतल, बस–स्टैंड, धारा का प्रयोग करते हुए एक–एक वाक्य बोलो।**

**4. सही शब्द चुनकर खाली जगह में लिखो –**

(अस्त, जलप्रपात, आनंद, मनोरम दृश्य )

क. चित्रकोट का ––––––––––––– उनकी आँखों के आगे था।

ख. वहीं बैठे–बैठे वे प्रपात का –––––––––––– ले रहे थे।

ग. सूर्य अब –––––––––– होने ही वाला था।

घ. यह –––––––––– का चित्र कहाँ का है?

**5. पढ़ो और समझकर लिखो।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मेरा | – | मेरे | स्थान | – | स्थानों |
| हमारा | – | ––––––– | मकान | – | ––––––––– |
| तुम्हारा | – | ––––––– | दुकान | – | ––––––––– |
| उसका | – | ––––––– | पहाड़ | – | ––––––––– |
| किसका | – | ––––––– | सड़क | – | ––––––––– |

**6. सोचो, समझो और लिखो।**

| | मैं | हम | तुम | वह | वे |
|---|---|---|---|---|---|
| खाना | खाता हूँ। | खाते हैं। | खाते हो। | खाता है। | खाते हैं। |
| गाना | ------ | ------ | ------ | ------ | ------ |
| खेलना | ------ | ------ | ------ | ------ | ------ |
| दौड़ना | ------ | ------ | ------ | ------ | ------ |

**7. इन शब्दों के उल्टे अर्थ वाले शब्दों को लिखो –**

जल्दी – दिन –

ऊँचा – जागा –

नीचे – प्रश्न –

गिरना – आना –

हाँ –

**8. गतिविधि :–**

'मामा'' शब्द को उल्टा लिखने पर 'मामा' ही बनता है। ऐसे ही दूसरे शब्द बनाओ।

**9. क्या तुमने कभी कोई नदी, झरना या जलप्रपात देखा है? उसके बारे में लिखो।**

39PFF2